| क्रम सं० | जिस संस्थान के विरूद्ध शिकायत प्राप्त हुई है उसका नाम | की गई कार्रवाई |
|---|---|---|
| 9. | श्री सरस्वती महिला कल्याण समिति, जबलपुर | जन शिक्षा निदेशालय, जबलपुर ने विपरित रिपोर्ट भेजी है जो राज्य सरकार को इसकी अंतिम रिपोर्ट के लिए भेजी जा रही है। |
| 10. | मंदसौर जिला समग्र सेवा संघ | शिकायतों पर राज्य सरकार की रिपोर्ट मांगी गई है जो अभी आनी है। |
| 11. | महात्मा गांधी सेवा आश्रम | -वही- |
| 12. | श्री मालवा महिला विकास समिति | -वही- |
| 13. | ज्ञान उदय शिक्षा सोसायटी | -वही- |
| 14. | विद्यासागर कल्याण समिति | -वही- |

## उत्तर प्रदेश के पर्वतीय जिलों में डिग्री कालेजों का अभाव

*385. **श्रीमती मालती शर्मा:**
**श्री राजनाथ सिंह:**

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश के पर्वतीय जिलों में डिग्री कालेजों का नितान्त अभाव है, यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि बारहवीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उच्च शिक्षा पाने वाले छात्रों की प्रतिशतता मात्र पांच प्रतिशत है; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये राज्य के पर्वतीय जिलों में तहसील एवं खण्ड (ब्लाक) केन्द्रों में डिग्री कालेज खोलने का विचार रखती है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री एस०आर० बोम्मई):** (क) से (ग) डिग्री कालेजों की स्थापना के लिए कोई राष्ट्रीय रूप से निर्धारित मानदंड नहीं है। इनकी स्थापना, संबंधित राज्य सरकारों के प्राधिकारों से तथा सम्बद्ध विश्वविद्यालयों के अध्यादेश में दी गई शर्तों के अनुसार होती है। कालेजों की स्थापना करने के पूर्व संबंधित अधिकारियों द्वारा रोजगार की संभावना सहित स्थानीय आवश्यकताओं तथा परिस्थितियों को भी ध्यान में रखा जाता है। अतः विशेष रूप से यह बताना संभव नहीं है कि उत्तर प्रदेश के पर्वतीय जिलों में कालेजों की संख्या अपर्याप्त है तथा वहां नामांकन के अनुपात को बढ़ाने की आवश्यकता है। राज्य सरकार से यह अनुरोध किया गया है कि वह विशेषज्ञ एजेंसी द्वारा इसके गहन सर्वेक्षण तथा विस्तृत जांच के लिए तुरंत कदम उठाये ताकि पर्वतीय जिलों में कालेज शिक्षा के लिए आवश्यक कार्यों तथा क्रियाकलापों के संदर्भ में रोजगार को संभावना का भी पता लगाया जा सके। इसके बाद ही यह निश्चित करना संभव होगा कि इस क्षेत्र में कालेजों की कमी है।

## Observance of 50th Year of Independence

*386. SHRI RAJUBHAI A. PARMAR:
SHRI SUSHILKUMAR SAMBHAJIRAO SHINDE:

Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) the specific programmes organised or launched in observance of the celebrations of the 50th year of Independence that began on August 15, 1996; and programmes or schemes proposed to be so organised in connection therewith at national, regional or State levels; and